**हमारे विक्रेता, आपूर्तिकर्ता और कारोबारी साझेदारों के लिए गोपनीयता सूचना**

**कृपया कुछ समय निकालकर नीचे दी गई जानकारी को ध्यान से पढ़ें, ताकि आप पूरी तरीके से यह समझ सकें कि आपकी व्यक्तिगत जानकारी के संबंध में हमारा नज़रिया क्या है, हम इसका उपयोग कैसे करेंगे, इसे किसके साथ शेयर करेंगे और आपके पास अपनी व्यक्तिगत जानकारी के संबंध में क्या अधिकार हैं. हमारा सुझाव है कि आप इस दस्तावेज़ को डाउनलोड करके किसी सुरक्षित स्थान पर स्टोर करें.**

यह गोपनीयता नोटिस (यह **नोटिस**) उस कारोबारी संपर्क जानकारी पर लागू होता है, जिसे हम उन तीसरे पक्षों (मौजूदा, संभावित और पिछले) के संबंध में प्रोसेस करते हैं, जो हमें सामान, सेवाएं और सॉफ़्टवेयर की आपूर्ति करते हैं. कृपया सुनिश्चित करें कि आपके जिस स्टाफ़ से हम बातचीत करें, वह इस नोटिस से अवगत हो. हालांकि, ऐसे कुछ डेटा सुरक्षा कानून हैं, जो:

- कारोबारी संपर्क की जानकारी को व्यक्तिगत जानकारी नहीं मानते, बशर्ते इसका इस्तेमाल सिर्फ़ व्यवसाय से व्यवसाय के बीच संचार/लेन-देन के लिए किया जाता हो (उदाहरण के लिए सिंगापुर का व्यक्तिगत डेटा संरक्षण अधिनियम 2012);
- कारोबारी संपर्क की जानकारी को व्यक्तिगत जानकारी मानते हैं, लेकिन ऐसे प्रावधान अभी तक प्रभावी नहीं हुए हैं (उदाहरण के लिए कैलिफ़ोर्निया का उपभोक्ता गोपनीयता अधिनियम 2018 (यथा संशोधित)); या
- कोई भी व्यक्तिगत जानकारी इकट्ठा करने से पहले या करते समय हमारे लिए गोपनीयता सूचना भेजना ज़रूरी नहीं है (उदाहरण के लिए अमेरिका के तहत आने वाले ज़्यादातर राज्य).

इस सूचना को पिछली बार 16 सितंबर, 2025 को अपडेट किया गया था.

इस सूचना के अलावा, हम खास अवसरों पर दूसरी गोपनीयता सूचना भी दे सकते हैं, खासकर जब हम आपके बारे में व्यक्तिगत जानकारी इकट्ठा या प्रोसेस कर रहे हों, ताकि आपको यह पूरी तरह पता हो कि हम आपकी व्यक्तिगत जानकारी का इस्तेमाल कैसे और क्यों कर रहे हैं. यह सूचना उन दूसरी गोपनीयता सूचनाओं की पूरक है और इसका उद्देश्य उन्हें ओवरराइट करना नहीं है.

यह सूचना लेयर्ड फ़ॉर्मेट में दी जाती है, ताकि आप नीचे बताए गए विशिष्ट क्षेत्रों पर क्लिक कर सकें:

- [1. हम कौन हैं?](#1-who-are-we)
- [2. हमसे संपर्क करने और शिकायत करने का आपका अधिकार](#2-contacting-us-and-your-right-to-make-a-complaint)
- [3. इस सूचना में बदलाव](#3-changes-to-this-notice)
- [4. हम व्यक्तिगत जानकारी कैसे इकट्ठा करते हैं, उसका इस्तेमाल कैसे करते हैं और उसे कैसे शेयर करते हैं?](#4-how-do-we-collect-use-and-share-personal-information)
- [5. अंतरराष्ट्रीय ट्रांसफ़र](#5-international-transfers)
- [6. आपके अधिकार और विकल्प](#6-your-rights-and-choices)
- [7. हम व्यक्तिगत जानकारी की सुरक्षा कैसे करते हैं](#7-how-we-protect-personal-information)
- [8. सीधी मार्केटिंग](#8-direct-marketing)

## 1\. हम कौन हैं?

हमें दी गई या हमारे द्वारा इकट्ठा की गई किसी भी व्यक्तिगत जानकारी का नियंत्रण Remitly समूह के अंतर्गत निम्नलिखित निकायों द्वारा किया जाता है:

**ऑस्ट्रेलिया** Remitly Australia Pty Ltd Governor Phillip Tower Level 61, 1 Farrer Place, Sydney, 2000

**कनाडा** Remitly Canada Inc (British Columbia corporation) 250 Howe Street, 20th Floor, Vancouver, BC V6C 3R

**यूरोपीय आर्थिक क्षेत्र (EEA) (पोलैंड को छोड़कर)** Remitly Europe Ltd Ground Floor, 1 Albert Quay, Ballintemple, Cork, T12 X8N6, Ireland

**न्यूज़ीलैंड** Remitly NZ Limited Level 30, Vero Centre 48 Shortland Street Auckland Central 1052 New Zealand

**पोलैंड** Remitly Poland SP. Z O.O Ul. Pawia 17 31-154 Krakow, Poland

**सिंगापुर** TMF SINGAPORE H PTE LTD. 38 Beach Road, South Beach Tower, #29-11 Singapore 189767

**संयुक्त अरब अमीरात DIFC** Remitly DIFC Limited Level 15 Unit Gd-Gb-00-15-Bc-23, Gate District Gate Building Dubai International Financial Centre, Dubai, United Arab Emirates

**यूनाइटेड किंगडम** Remitly UK Ltd 90 Whitfield Street London W1t 4ez United Kingdom

**संयुक्त राज्य अमेरिका** Remitly Inc (Delaware corporation) 401 Union Street, Suite 1000 Seattle WA 98101

जब हम इस सूचना में**Remitly**, **हम**, **हमें** या **हमारा** को रेफ़र करते हैं, तो हम Remitly के उस संबंधित निकाय को रेफ़र कर रहे होते हैं, जिससे आप संचार कर रहे/रही हैं.

## 2\. हमसे संपर्क करने और शिकायत करने का आपका अधिकार

अगर आपकी व्यक्तिगत जानकारी की प्रोसेसिंग को लेकर आपकी कोई समस्या, सवाल या शिकायत है, तो कृपया DPO@remitly.com पर ईमेल करें. हमारे डेटा सुरक्षा अधिकारी ये हैं:

**ऑस्ट्रेलिया** जॉन डेविड ओ'ब्रायन (DPO@remitly.com के ज़रिए संपर्क करें)

**न्यूज़ीलैंड** जॉन डेविड ओ'ब्रायन (DPO@remitly.com के ज़रिए संपर्क करें)

**सिंगापुर** जॉन डेविड ओ'ब्रायन (DPO@remitly.com के ज़रिए संपर्क करें)

**फ़िलीपींस** डेव मैकडर्मिट (DPO@remitly.com के ज़रिए संपर्क करें)

**यूरोपीय आर्थिक क्षेत्र (EEA)** जॉन डेविड ओ'ब्रायन (DPO@remitly.com के ज़रिए संपर्क करें)

**यूनाइटेड किंगडम** जॉन डेविड ओ'ब्रायन (DPO@remitly.com के ज़रिए संपर्क करें)

**इज़रायल** जॉन डेविड ओ'ब्रायन (DPO@remitly.com के ज़रिए संपर्क करें)

**DIFC (संयुक्त अरब अमीरात)** जॉन डेविड ओ'ब्रायन (DPO@remitly.com के ज़रिए संपर्क करें)

**कनाडा** जॉन डेविड ओ'ब्रायन (DPO@remitly.com के ज़रिए संपर्क करें)

**संयुक्त राज्य अमेरिका** डेव मैकडर्मिट (DPO@remitly.com के ज़रिए संपर्क करें)

**निकारागुआ** जॉन डेविड ओ'ब्रायन (DPO@remitly.com के ज़रिए संपर्क करें)

आपके पास अपनी व्यक्तिगत जानकारी की हमारे द्वारा प्रोसेसिंग करने के बारे में अपने डेटा सुरक्षा अधिकारी से शिकायत करने का अधिकार भी है. हालांकि, अगर आप अपने डेटा सुरक्षा रेग्युलेटर से संपर्क करने से पहले हमें अपनी चिंताओं को हल करने का मौका देंगे/देंगी, तो हमें खुशी होगी. इसलिए सबसे पहले कृपया DPO@remitly.com पर संपर्क करें. संबंधित डेटा सुरक्षा रेग्युलेटर के संपर्क विवरण इस प्रकार है:

**ऑस्ट्रेलिया** OAIC www.oaic.gov.au ईमेल: enquiries@oaic.gov.au फ़ोन: 1300 363 992

**कनाडा** OPC www.priv.gc.ca फ़ोन: 1-800-282-1376

**EEA** यह इस बात पर निर्भर करता है कि आप EEA में कहां निवास करते/करती हैं : www.edpb.europa.eu/about-edpb/board/membersen

**सिंगापुर** PDPC www.pdpc.gov.sg Phone: +65 6377 3131

**UK** ICO https://ico.org.uk/ Phone: 0303 123 1113

**USA** यह इस बात पर निर्भर करता है कि आप अमेरिका में कहां निवास करते/करती हैं: www.usa.gov/state-attorney-general

## 3\. इस सूचना में बदलाव

हम इस सूचना में कभी भी बदलाव कर सकते हैं और जब भी हम ऐसा करेंगे, तब हम अपनी साइट और ऐप पर संशोधित संस्करण को पोस्ट करके आपको जानकारी देंगे. हालांकि, अगर हम आपकी व्यक्तिगत जानकारी इकट्ठा करने, उसका उपयोग करने या उसे स्टोर करने के तरीके में कोई महत्वपूर्ण बदलाव करने की योजना बनाते हैं, तो हम अपनी वेबसाइट पर और ईमेल के ज़रिए पहले से इसकी सूचना देंगे.

अगर आप इस नोटिस के किसी हिस्से या इसमें किए गए किसी बदलाव से सहमत नहीं हैं, तो कृपया हमें DPO@remitly.com पर ईमेल करें.

## 4\. हम व्यक्तिगत जानकारी कैसे इकट्ठा करते हैं, उसका इस्तेमाल कैसे करते हैं और उसे कैसे शेयर करते हैं?

हमारे द्वारा इकट्ठा की जाने वाली व्यक्तिगत जानकारी: अगर आप या आपका स्टाफ़ हमसे संपर्क करता है (फ़ोन, ईमेल या किसी और तरीके से), तो हम नीचे दी गई व्यक्तिगत जानकारी को अपने पास रखेंगे:

- नाम, पद नाम, और संपर्क विवरण (जैसे, ईमेल एड्रेस, कार्यालय का पता और फ़ोन नंबर) और हमारे साथ पत्र-व्यवहार करते समय आपके या उनके द्वारा दिया जाने वाला कोई अन्य विवरण;
- हमारे द्वारा खोजबीन करने पर, सार्वजनिक रूप से उपलब्ध जानकारी (जैसे, आपकी वेबसाइट, सोशल मीडिया और कंपनी हाउस) से आप और आपके स्टाफ़ के बारे में मिलने वाली जानकारी और दस्तावेज़ (यह इस बात को सुनिश्चित करने के लिए है कि हम आपको, आपके स्टाफ़ और आपके कारोबार को समझते हैं).

अगर आपका स्टाफ़ हमारी वेबसाइट पर विज़िट करता है, तो हम उनकी विज़िट से जुड़ी कुछ व्यक्तिगत जानकारी को

भी प्रोसेस करेंगे. कृपया हमारी कुकी नीति देखें.

जब भी या अगर आपका स्टाफ़ हमसे सोशल मीडिया प्लेटफ़ॉर्म पर इंटरैक्ट करता है या हमारे सोशल मीडिया कॉन्टेंट को एक्सेस करता है, तो ऐसी स्थिति में हम आपके स्टाफ़ के बारे में उन सोशल मीडिया प्लेटफ़ॉर्म (उदाहरण के लिए, LinkedIn) से भी जानकारी इकट्ठा कर सकते हैं (हमें मिलने वाली जानकारी गोपनीयता सेटिंग, नीतियों और/या सोशल मीडिया प्लेटफ़ॉर्म की लागू प्रक्रियाओं द्वारा नियंत्रित होती है और हम आपको और आपके स्टाफ को उनकी समीक्षा करने के लिए प्रोत्साहित करते हैं).

कुछ परिस्थितियों में, हमें कानून या आपके साथ किए गए अनुबंध की शर्तों के तहत खास व्यक्तिगत डेटा इकट्ठा करने और उसे प्रोसेस करने की ज़रूरत पड़ सकती है. अगर आप ज़रूरी जानकारी नहीं दे पाते हैं, तो हम आपके साथ या तो अनुबंध नहीं कर सकेंगे या पहले से किए गए अनुबंध को कायम नहीं रख पाएंगे.

**आपकी व्यक्तिगत जानकारी का इस्तेमाल कारोबारी उद्देश्यों के लिए करना**: हम ऊपर बताई गई सारी जानकारी का उपयोग इन कामों के लिए करेंगे:

- आपने हमसे जिस जानकारी का अनुरोध किया है, उसे देना, ताकि हम अपने मान्य हितों को हासिल करने के लिए हमें की जाने वाली संभावित आपूर्ति के बारे में बातचीत कर सकें;
- उस तीसरे पक्ष के साथ अपना अनुबंध निष्पादित करने के लिए हमें सक्षम बनाना, जो हमें सेवाएं, सामान और/या सॉफ़्टवेयर देता है या ऐसे अनुबंध करने के लिए कदम उठाना;
- उस संबंधित अनुबंध के संबंध में देय भुगतान, फ़ीस और शुल्कों को मैनेज करना, जो हमें सेवाएं, सामान और/या सॉफ़्टवेयर प्रदान करने वाले तीसरे पक्ष के साथ हमने किए हैं;
- उस तीसरे पक्ष के साथ अपने संबंधों को मैनेज करना, जो हमें सेवाएं, सामान और/या सॉफ़्टवेयर प्रदान करता है, इसमें अपनी शर्तों या इस सूचना में हुए बदलावों के बारे में सूचित करना और अपने रिकॉर्ड को अपडेट रखना शामिल है;
- नीचे दिए गए दूसरे वैध हितों को आगे बढ़ाने के लिए (i) Remitly, हमारे ग्राहकों, विक्रेताओं, आपूर्तिकर्ताओं, कारोबारी साझेदारों और अन्य पेशेवर संपर्कों के अधिकारों, उनकी संपत्ति या सुरक्षा का संरक्षण करना (ii) संभावित आपूर्तिकर्ताओं के रिकॉर्ड बनाए रखना या सिफ़ारिश करना (या नहीं करना); (iii) हमारी सेवाओं और/या उत्पादों में सुधार; और/या (iv) हमारे कानूनी अधिकारों को लागू करना, उन्हें निर्धारित करना या उनका बचाव करना; और/या (v) आपको ऐसी जानकारी या सामग्री भेजना जो हमें लगता है कि आपके मतलब की हो सकती है या जिसके लिए अनुरोध किया गया है; और

- हमारे कानूनी दायित्वों का पालन करना (उदाहरण के लिए अगर हमारे लिए योग्य कानून प्रवर्तन निकाय, विनियामक, सरकारी एजेंसी, न्यायालय या बिना किसी सीमा के पुलिस, वित्तीय पर्यवेक्षण प्राधिकारी, टैक्स और सोशल सिक्योरिटी एजेंसियां, डेटा सुरक्षा रेग्युलेटर और साथ ही न्यायालय सहित अन्य तीसरे पक्ष को व्यक्तिगत जानकारी का खुलासा करना आवश्यक हो).

हम फ़िलहाल आपके व्यक्तिगत डेटा से संबंधित कोई भी निर्णय अपने-आप नहीं ले रहे हैं या प्रोफ़ाइलिंग को लागू नहीं कर रहे हैं. भविष्य में इसमें कोई बदलाव होने पर हम आपको इसकी जानकारी देंगे.

हम आपकी व्यक्तिगत जानकारी का इस्तेमाल सिर्फ़ उन्हीं उद्देश्यों के लिए करेंगे, जिनके लिए हम उन्हें इकट्ठा करते हैं और ऐसा हम तब तक करेंगे, जब तक कि हम उचित रूप से यह नहीं मानते हैं कि हमें उसका इस्तेमाल दूसरे उद्देश्य के लिए करना होगा और वह कारण हमारे मूल उद्देश्य से मेल खाता होगा. अगर आप इस बारे में स्पष्टीकरण प्राप्त करना चाहते/चाहती हैं कि नए उद्देश्य के लिए इसकी प्रोसेसिंग, मूल उद्देश्य के साथ किस तरह सुसंगत है, तो कृपया DPO@remitly.com पर ईमेल करें. अगर हमें किसी असंबद्ध उद्देश्य के लिए आपकी व्यक्तिगत जानकारी का इस्तेमाल करने की ज़रूरत होगी, तो हम आपको सूचित करेंगे और हम उस कानूनी आधार के बारे में बताएंगे, जिस वजह से हम ऐसा कर सकते हैं. कृपया ध्यान दें कि हम उपरोक्त नियमों के अनुपालन में आपकी जानकारी या सहमति के बिना आपकी व्यक्तिगत जानकारी प्रोसेस कर सकते हैं, जहां ऐसा करना कानूनन ज़रूरी होता है या उसके तहत इसकी अनुमति होती है.

**आपकी व्यक्तिगत जानकारी शेयर करना**: हम नीचे दिए गए मामलों में ही तीसरे पक्ष के साथ व्यक्तिगत जानकारी शेयर करेंगे:

- हमारे स्टाफ़ सहित (लेकिन वे अपने कर्तव्यों के निष्पादन तक ही इनका उपयोग कर सकेंगे और वह उपयोग भी प्रोसेसिंग के अनुरूप होगा) समूह (सेक्शन 1 देखें) के अंतर्गत अन्य कंपनियां;
- हमें सेवाएं देने वाले विक्रेता, सेवा प्रदाता और साझेदार (जिनके साथ हमारा अनुबंध है), जैसे:
    - प्लेटफ़ॉर्म, डेटाबेस और वेबसाइट होस्टिंग;
    - सूचना प्रौद्योगिकी और संबंधित इन्फ़्रास्ट्रक्चर (उदाहरण के लिए ईमेल, इंस्टेंट मैसेजिंग, और फ़ाइल शेयरिंग);
    - कानूनी, टैक्स और ऑडिटिंग; और
- हमारी कुछ या सभी परिसंपत्तियों की बिक्री, अधिग्रहण या विलय की स्थिति में अगर आपकी व्यक्तिगत जानकारी ट्रांसफ़र की जाने वाली परिसंपत्तियों का हिस्सा है, तो तीसरे पक्ष के साथ (ऐसी किसी परिघटना के समय

हम आपको सूचित करेंगे और साथ ही, हम आपको यह भी सूचित करेंगे कि आपकी व्यक्तिगत जानकारी के संबंध में आपके पास क्या-क्या विकल्प मौजूद हैं).

**आपकी व्यक्तिगत जानकारी को बनाए रखना**: अगर हम दोनों यह तय करते हैं:

- एक-दूसरे के साथ अनुबंध और/या दूसरी व्यवस्था करना, आपके स्टाफ़ के साथ यह जानकारी हमारे साथ आपके संबंधों के दौरान और 7 वर्षों की अवधि के लिए रखी जाएगी, ताकि हमारे कानूनी अधिकारों का क्रियान्वयन किया जा सके, उन्हें निर्धारित किया जा सके या उनका बचाव किया जा सके; या
- एक-दूसरे के साथ अनुबंध और/या ऐसी किसी और व्यवस्था में शामिल नहीं होने के लिए, आपके स्टाफ़ के बारे में यह जानकारी आपकी पूछताछ की अवधि के लिए और जब तक ज़रूरी हो, उन उद्देश्यों को पूरा करने के लिए रखी जाएगी, जिनके लिए हमने इसे इकट्ठा किया है, जिसमें किसी कानून, लेखांकन या रिपोर्टिंग से जुड़ी ज़रूरतों को पूरा करने के उद्देश्य भी शामिल हैं; या अगर हमें कानूनी तौर पर लंबे समय तक बनाए रखना पड़े, तो हम इसे ज़रूरी समयावधि के लिए बनाए रखेंगे और/या जहां कानूनी कार्यवाही (संभावित कानूनी कार्यवाही सहित) के संबंध में जानकारी का उपयोग किया जा रहा हो, इसे (व्यक्तिगत जानकारी को) उन कानूनी कार्यवाहियों (और किसी बाध्यता) की अवधि के लिए बनाए रखा जाएगा.

## 5\. अंतरराष्ट्रीय ट्रांसफ़र

इस सूचना और संबंधित अनुबंधों के तहत हमारे दायित्वों का निष्पादन करने के लिए हम आपकी व्यक्तिगत जानकारी अलग-अलग क्षेत्राधिकारों में ट्रांसफ़र कर सकते हैं, जिनमें (बिना किसी सीमा के) वे देश शामिल हैं, जिनमें हम संचालन करते हैं (सेक्शन 2 देखें). उन क्षेत्राधिकारों के लागू डेटा संरक्षण कानून, आपके निवास देश के डेटा संरक्षण कानूनों से अलग हो सकते हैं और कुछ मामलों में हो सकता है कि वे उतने सुरक्षात्मक न हों. जब भी हम आपकी व्यक्तिगत जानकारी को आपके निवास देश से बाहर ट्रांसफ़र करेंगे, तो हम यह सुनिश्चित करेंगे कि उसे उसी स्तर की सुरक्षा मिले, जैसा कि आपके निवास देश के कानूनों में बताया गया है. उदाहरण के लिए, अगर आप UK या EEA में निवास करते/करती हैं, तो आपकी व्यक्तिगत जानकारी उन देशों में ट्रांसफ़र की जा सकती है, जिन्हें UK की सरकार या यूरोपीय आयोग (जैसा लागू हो) द्वारा व्यक्तिगत जानकारी के लिए पर्याप्त स्तर की सुरक्षा मुहैया कराने वाला माना गया है. दूसरे मामलों में, हम यह सुनिश्चित करेंगे कि कम से कम एक कानूनी सुरक्षा उपाय को लागू किया जाए, जिसमें UK की सरकार या यूरोपीय आयोग (जैसा लागू हो) द्वारा अनुमोदित विशिष्ट अनुबंधों का इस्तेमाल करना शामिल हो सकता है.

अगर आप अपनी व्यक्तिगत जानकारी को ट्रांसफ़र करते समय हमारे द्वारा उपयोग की जाने वाली विशिष्ट प्रणाली के

बारे में और जानकारी चाहते/चाहती हैं, तो कृपया DPO@remitly.com पर संपर्क करें.

## 6\. आपके अधिकार और विकल्प

हम आपके बारे में जो व्यक्तिगत जानकारी बनाए रखते हैं, उसके संबंध में (इस बात पर ध्यान दिए बिना कि आप कहां निवास करते/करती हैं) आप ये कार्य कर सकते/सकती हैं:

- अपनी व्यक्तिगत जानकारी और हमारे द्वारा उसे प्रोसेस किए जाने से जुड़ी जानकारी को एक्सेस करने का अधिकार;
- अगर हमारे द्वारा बरकरार रखी गई आपकी व्यक्तिगत जानकारी का रिकॉर्ड गलत है, तो आपके पास उसे सही करने के लिए या अधूरी व्यक्तिगत जानकारी को पूरा करने के लिए हमसे कहने का अधिकार;
- कुछ सीमित मामलों में, हमसे अपनी व्यक्तिगत जानकारी को मिटाने या उसकी प्रोसेसिंग को बंद करने के लिए हमसे कहने का अधिकार;
- अपनी व्यक्तिगत जानकारी को सीधी मार्केटिंग से जुड़े उद्देश्यों के लिए हमारे द्वारा प्रोसेस करने पर आपत्ति जताने का अधिकार;
- अपनी उस व्यक्तिगत जानकारी को हमारे द्वारा प्रोसेस किए जाने को चुनौती देने का अधिकार, जिसे हमारे वैध हितों के आधार पर उचित ठहराया गया है;
- कुछ सीमित मामलों में, हमसे अपनी व्यक्तिगत जानकारी को सिर्फ़ स्टोर करने के लिए कहने का अधिकार;
- कुछ सीमित मामलों में, अपनी व्यक्तिगत जानकारी को किसी दूसरे ऑनलाइन प्रदाता को ट्रांसफ़र करने के लिए हमसे कहने का अधिकार; और
- प्रोफ़ाइलिंग सहित पूरी तरह से स्वचालित प्रोसेसिंग पर आधारित निर्णयों पर आपत्ति जताने का अधिकार.

अगर आप इनमें से किसी भी अधिकार का प्रयोग करना चाहते/चाहती हैं, तो कृपया DPO@remitly.com पर संपर्क करें (हम आपसे आपकी पहचान सत्यापित करने के लिए कह सकते हैं - कृपया आपकी पहचान सत्यापित करने की हमारी कोशिशों के दौरान, हमारे साथ सहयोग करें). कृपया ध्यान दें कि हमें आपके साथ काम करने और/या आपको जानकारी देने में सक्षम बनाने के लिए कुछ व्यक्तिगत जानकारी की ज़रूरत पड़ सकती है, इसलिए आपके द्वारा अपनी प्राथमिकताओं में किए जाने वाले बदलाव या हमारे द्वारा व्यक्तिगत जानकारी के उपयोग करने के तरीके पर हमसे पूछे जाने वाले सवालों से जुड़े प्रतिबंध इस बात को प्रभावित कर सकते हैं कि हम आपको कौन-सी

जानकारी दे सकते हैं.

आपको अपनी व्यक्तिगत जानकारी को एक्सेस करने (या दूसरे किसी भी अधिकार का उपयोग करने के लिए) के लिए किसी फ़ीस का भुगतान नहीं करना होगा. हालांकि, जहां हमें लागू डेटा संरक्षण कानूनों द्वारा फ़ीस लगाने की अनुमति दी गई है, वहां हम ऐसा कर सकते हैं. उदाहरण के लिए, अगर आप UK या EEA में निवास करते/करती हैं, तो आपका अनुरोध स्पष्ट रूप से आधारहीन, दोहराव वाला या बहुत अधिक होने पर हम उचित फ़ीस लगा सकते हैं. इसके बजाय, इन स्थितियों में हम आपके अनुरोध का पालन करने से इनकार कर सकते हैं.

कृपया यह भी ध्यान दें कि कभी-कभी जब आप हमसे अपनी व्यक्तिगत जानकारी के उपयोग को रोकने के लिए कहते/करती हैं, तब हो सकता है कि हम आपकी व्यक्तिगत जानकारी के उपयोग को बंद न कर पाएं (उदाहरण के लिए, जहां हमें इसका उपयोग करने की कानूनी तौर पर ज़रूरत होती है या हमें नियामक उद्देश्यों के लिए जानकारी को बनाए रखने की ज़रूरत होती है). जब आप हमसे संपर्क करेंगे/करेंगी, तो हम आपको बताएंगे कि हम आपके अनुरोध को मानने में असमर्थ क्यों हैं या आपका अनुरोध आप पर कैसे प्रभाव डाल सकता है.

## 7\. हम व्यक्तिगत जानकारी की सुरक्षा कैसे करते हैं

हमने आपकी व्यक्तिगत जानकारी को गलती से खो जाने, अनधिकृत तरीके से उपयोग या एक्सेस करने, उसमें छेड़छाड़ करने या उसके खुलासा होने से रोकने के लिए उचित सुरक्षा उपाय किए हैं. इसके अलावा, हम आपकी व्यक्तिगत जानकारी के एक्सेस को उन कर्मचारियों, एजेंटों, ठेकेदारों और अन्य तीसरे पक्षों तक सीमित करते हैं, जिन्हें 'जानने की ज़रूरत' के तहत इससे सरोकार हो. वे आपकी व्यक्तिगत जानकारी को सिर्फ़ हमारे निर्देशों पर प्रोसेस करेंगे और वे गोपनीयता के दायित्व के अधीन हैं.

हमने डेटा सुरक्षा से जुड़े किसी भी संदिग्ध उल्लंघन से निपटने के लिए प्रक्रियाएं तैयार की हैं और वैसी स्थिति में हम आपको और किसी भी उचित नियामक को संदिग्ध उल्लंघन के बारे में सूचित करेंगे, जहां कानूनी रूप से ऐसा करना हमारे लिए ज़रूरी होगा.

## 8\. सीधी मार्केटिंग

आपके पास हमसे यह कहने का अधिकार है कि हम आपकी व्यक्तिगत जानकारी को मार्केटिंग से जुड़े उद्देश्यों के लिए प्रोसेस न करें. आप किसी भी समय 'अनसब्सक्राइब' करके इस अधिकार का प्रयोग कर सकते/सकती हैं, जो आपको उपलब्ध कराया गया है (जैसे कि हमारे द्वारा आपको भेजे जाने वाले हर प्रचार ईमेल में 'अनसब्सक्राइब करें'

लिंक पर क्लिक करके). हम आपकी पसंद का सम्मान करेंगे और आपको ऐसे संचार भेजने से परहेज करेंगे. कृपया ध्यान दें कि अगर आप हमसे किसी खास ईमेल पते पर ईमेल के ज़रिए संपर्क नहीं करने के लिए कहते/कहती हैं, तो हम आपके संपर्क रहित अनुरोध का अनुपालन करने के लिए, उस ईमेल पते की एक कॉपी 'अवरोध सूची' में रखेंगे. आप कभी भी मार्केटिंग से जुड़े अपने विकल्प बदल सकते हैं.